Press Note

राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृत्ति योजना परीक्षा (National Means-cum-Merit Scholarship Scheme Exam)

2024-25

Online आवेदन पत्र भरना	**20 अगस्त 2024** से प्रारम्भ
Online आवेदन भरने की अन्तिम तिथि	**10 अक्तूबर 2024**
परीक्षा का आयोजन	**17 नवम्बर 2024** (रविवार)

National Means-cum-Merit Schoarship Scheme (NMMSS):- राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृत्ति **योजना** परीक्षा **शिक्षा** मन्त्रालय, **भारत सरकार** नई दिल्ली द्वारा चलाई जा रही है जिसका उद्देश्य सरकारी/अनुदान प्राप्त विद्यालयों में पढ़ने वाले प्रतिभाशाली गरीब बच्चों का चयन कर उनका शैक्षिक विकास करना है। इस योजना के तहत पूरे प्रदेश में से **2337** पात्र विद्यार्थियों का चयन करने हेतु परीक्षा आयोजित की जाती है।

छात्रवृत्ति- 1000 रू**पये** प्रतिमास कक्षा IX, X, XI व XII के लिए ।

राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृत्ति **योजना** परीक्षा पात्रता के नियम व शर्ते-

1. इस परीक्षा में बैठने हेतु विद्यार्थी राज्य के सरकारी /अनुदान प्राप्त विद्यालयों में आठवीं कक्षा में पढ़ रहे हों तथा उन्होंने सातवीं कक्षा की परीक्षा सरकारी विद्यालयों से पिछले वर्ष पास की हो। परीक्षार्थी के माता–पिता की सभी स्रोतों से कुल वार्षिक आय **3**,50,000 रू0 से कम होनी चाहिए।

2. इस परीक्षा में जिला स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को जिले के कोटे के अनुसार छात्रवृत्ति दी जाएगी । उपरोक्त परीक्षा में बी0सी0ए0 वर्ग को 16 प्रतिशत, बी0सी0बी0 वर्ग को 11 प्रतिशत, एस0सी0 वर्ग को 20 प्रतिशत एवं शारीरिक विकलांग वर्ग को 3 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। शेष सामान्य वर्ग के लिए है। आरक्षित वर्ग से आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की छायाप्रति Online आवेदन पत्र के साथ Upload करनी होगी।

3. विद्यार्थी **का नाम, पिता का नाम व जन्म तिथि आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, आरक्षित श्रेणी प्रमाण पत्र में दी गई जानकारी स्कूल रिकॉर्ड के अनुसार ही हो।**

परीक्षा हेतु Online आवेदन पत्र हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की वेबसाइट **www.bseh.org.in** व SCERT की वेबसाइट **scertharyana.gov.in** पर भी भर सकते है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करे- फोन नं0 9289911400

विस्तृत जानकारी के लिए विवरण पुस्तिका **(Prospectus)** परिषद की वेबसाइट **scertharyana.gov.in** पर उपलब्ध है।

निदेशक
एस0सी0ई0आर0टी0 हरियाणा
गुरूग्राम